औद्योगिक क्लस्टर में कानपुर प्रदेश में सबसे आगे

# लखनऊ निर्यात के मामलों में नंबर वन

**बढ़ता ग्राफ**

कानपुर | प्रमुख संवाददाता

**16** कानपुर में औद्योगिक तो लखनऊ में केवल चार क्लस्टर ही

**05** शहरों में 17 क्लस्टर हैं जबकि अकेले कानपुर में 16 हैं

क्लस्टर के मामले में कानपुर प्रदेश में नंबर वन है जबकि निर्यात होने वाले उत्पादों के मामले में लखनऊ आगे हो गया है।

यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरीडोर के लिए यूपीडा ने छह शहरों का इंडस्ट्रियल ग्राफ बनाया है। इसमें कानपुर के 16 उद्योगों को क्लस्टर के रूप में चिन्हित किया गया है जबकि लखनऊ के चार क्लस्टर ही हैं। हालांकि निर्यात होने वाले उत्पादों की सूची में लखनऊ आगे निकल गया है।

यूपी के छह शहरों में डिफेंस कॉरीडोर विकसित हो रहा है। ये शहर हैं कानपुर, आगरा, झांसी, अलीगढ़, लखनऊ और चित्रकूट। डिफेंस कॉरीडोर के साथ यहां के औद्योगिक ग्राफ को भी तैयार किया गया है। जिसमें क्लस्टर के रूप में कानपुर प्रदेश का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है।जहां कुल 16 क्लस्टर चिन्हित किए गए हैं जबकि अन्य पांच शहरों में चिन्हित कुल क्लस्टरों की संख्या 17 है। इस बात से कानपुर में बढ़ते औद्योगिक विकास का पता चलता है।

## उत्पादों में चिकन को भी जगह मिली

कानपुर में कॉटन, रेडीमेड, साबुन, पेंट, सैडलरी, फुटवियर, चंदन, स्टील फर्नीचर, बेकरी, फार्मा, कम्प्यूटर पेपर, पावरलूम, प्लास्टिक, कृषि आधारित इंडस्ट्री, लेदर टैनिंग के साथ पान मसाला को भी क्लस्टर में स्थान दिया गया है। वहीं, लखनऊ में लखनवी स्टील फर्नीचर इंडस्ट्री, लखनऊ चिकनकारी क्लस्टर, टेराकोटा क्लस्टर और प्लास्टिक इंडस्ट्री है।



निर्यात होने वाले उत्पादों से लखनऊ से आटो पार्ट्स, इंजीनियरिंग गुड्स, मार्बल प्रोडक्ट्स, हैंडीक्राफ्ट्स, आर्ट पीस, कपड़े, साफ्टवेयर-हार्डवेयर, इलेक्ट्रानिक्स, टेक्सटाइल्स, जेम्स एंड ज्वैलरी, ब्रास उत्पाद, सिल्क और लेदर गुड्स हैं। कानपुर से इस श्रेणी में लेदर उत्पाद, मशीनरी पार्ट, आटोमोबाइल पार्ट, सैडलरी, वेटरीनरी नीडल्स, प्लास्टिक उत्पाद, हैंडीक्राफ्ट्स और आर्टिफिशियल ज्वैलरी है।